## गुस्ताखी माफ



पिछले वालों के अभी, उठने में है देर।
परेशान हैं लोग सब, कहां लगायें ढेर।
कहां लगायें ढेर, जल्द पिछले उठवायें।
कूड़ा घर में भरा, नये हम ढेर लगायें।
कह साहिल कविराय, करें क्या बैठे-ठाले।
नये लगेंगे तभी, हटें जब पिछले वाले।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 92 | MONDAY 13-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# खुसर फुसर : इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्किंग संस्था के सिटी चैप्टर में बड़े घोटाले के संकेत, प्रतिष्ठित कारोबारी घरानों की साख पर उठे सवाल

लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। दुनिया में बड़े थिंक टैंक की ओर से वीजनरी सोच के सात नेटवर्किंग क्लब शुरू किए गए थे। जिससे कारोबारी इन क्लबों के मेंबर बने और अपनी नेटवर्किंग के जरिए एक दूसरे की सहायता करें, ताकि उनके बिजनेस को ग्रोथ मिल सके। इन क्लबों का भारी मात्रा में लोगों को फायदा भी मिला।

इसी तर्ज पर लुधियाना में कई नेवटर्किंग क्लब बने। जिसमें शहर के नामी घराने मेंबर बने और आपसी नेटवर्क को इस्तेमाल करके एक दूसरे के बिजनेस बुस्ट करवाए गए। लेकिन इसी तरह का एक इंटरनेशनल लेवल का नेवटर्किंग क्लब मौजूदा समय में शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि उक्त क्लब के एक चैप्टर के हेड व 1-2 अन्य लोगों द्वारा बाकी मेंबर्स से मेंबरशिप, अन्य एक्सपेंसेस और चार्ज के नाम पर भारी मात्रा में पैसा लिया जा रहा है। जबकि वह पैसा कहीं भी खर्च न करके अपने पास जमा किया जा रहा है। यह हेरफेर पिछले लंबे समय से चला आ रहा है। क्लब मेंबर्स में खुसर फुसर चल रही है कि उक्त हेड व उनके साथियों द्वारा करोड़ों रुपए का गबन किया जा रहा है। हालांकि कोई भी मेंबर खुलकर कुछ बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन अंदरखाते आपस में मेंबर्स इस संबंधी चचाएं करते हुए देखें जा रहे हैं।




**हेरफेर संबंधी शहर के नामी घरानों का नाम चर्चाओं में...**चर्चा है कि उक्त क्लब में शहर के नामी कारोबारी मेंबर है। वहीं क्लब को लीड करने वाला पर्सन नामी घराने का मेंबर है। वहीं उक्त हेड के साथ साथ शहर के अच्छे घरानों के कुछ लोगों के भी नाम हेरफेर में चचाओं में बने हुए हैं। अब यह चचाएं कितनी सहीं हैं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**पहले चलता रहा सही, 2-3 लोगों ने किया खराब...**चर्चा है कि उक्त क्लब का सुर्खियों में आया चैप्टर पहले सही चल रह था। हर साल मेंबर्स को बैलेंस शीट दिखाई जाती थी। लेकिन फिर चैप्टर के हेड का बदलाव हुआ। जिसके बाद कुछ समय तक हेड व उसके 2-3 साथियों द्वारा सही से कार्य किए गए। मगर फिर एकदम से हेरफेर शुरू कर दिया। यह घोटाला पिछले 2-3 साल से जारी है। अब तो बाकी मेंबर्स द्वारा कई बार कहने के बावजूद हेड की ओर से बैलेंस शीट और पैसों का अन्य हिसाब किताब नहीं दिया जा रहा। जिससे मेंबर्स में अविश्वास बढ़ रहा है।

**अक्सर घोटालों में बड़े रसूखदार परिवारों के नाम आते सामने...**इस हेरफेर में जिन रसूखदार व नामी घरानों के नाम चर्चाओं में हैं, उन पर एक बार यकीन करना मुश्किल हैं। लेकिन अक्सर ही देखा जाता है कि बड़े घोटालों में ज्यादातर नामी परिवारों की शमुलियत ही निकलकर सामने आती है। जिसके चलते इस घोटाले को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



Uturn Time 13 Apr 2026_Layout 2  12-04-2026  23:34  Page 2



# भव्य आयोजन और रिकॉर्ड फुटफॉल के साथ PANORA 2026 ने रचा इतिहास

## 6,000+ विज़िटर्स के साथ बना क्षेत्र का सबसे बड़ा प्रॉपर्टी फेस्ट

लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। **PANORA 2026** प्रॉपर्टी फेस्ट ने रियल एस्टेट उद्योग में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए बड़े मच के रूप में पहचान कायम की है । समारोह के मुख्यातिथि पंजाब कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सेक्टर के लिए प्रभावशाली और दूरदर्शी पहल बताया। उन्होंने इसकी भव्यता, उत्कृष्ट प्रबंधन और उद्योग के विकास में योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर क्रेडाई पंजाब के जगजीत माझा, आर्किटेक्ट जफर चोधरी , एनएआर चेतन चोपड़ा , दीपक बदयाल , फिक्की एफएलओ चेयरपरसन ऐशनी सेठी भी विशेष अथिति स्वरूप शामिल हुए।

निरवाना लक्जरी होटल में आयोजित इस भव्य प्रदर्शनी में 6,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह क्षेत्र की सबसे जीवंत रियल एस्टेट प्रदर्शनी बन गई। आयोजन में देशभर से 27 प्रीमियम प्रोजेक्ट्स और नामी कंपनियों जैसे एमआर  इंडिया , वेस्ट्रन लिविंग ,वेल्किन हाइट्स ,एडीओ ऑयली ग्रुप ,ट्रिडेंट हिल्स  पंचकूला, युजन गोवा , सोलिटीर होमस ,जेएलओ ग्रुप, वेस्टर्न लिविंग, एमजी ग्रुप, फोरटम , रिच्विला और हैम्पटन होम्स ने भाग लेकर निवेश के बेहतरीन अवसर प्रस्तुत किए । इस अवसर  इस प्रदर्शनी की खास बात इसका लग्जरी माहौल और बेहतरीन व्यवस्थाएं रहीं। भारी भीड़ के चलते पार्किंग तक कम पड़ गई। बड़ी संख्या में रियल एस्टेट से जुड़े सवालों का समाधान हुआ और प्रतिभागियों को शानदार बिजनेस लीड्स प्राप्त हुई।

पंजाब और दिल्ली के गणमान्य व्यक्तियों के साथ हुए पैनल डिस्कशन और टॉक शो ने आयोजन को और समृद्ध बनाया। 50% से अधिक प्रतिभागियों ने ढअठडफ्अ 2027 में भाग लेने की पुष्टि कर दी है, जो इसकी सफलता का प्रमाण है।






लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 सोमवार, 13 अप्रैल 2026



पेज 06 चंडीगढ़ में बरसाना प्रकट उत्सव का पावन और ...

# 24 महीनो में लिए मिल्क प्रोडक्ट के 1220 फूड सैंपल्स, 211 सैंपल हुए फेल, 71 पनीर के, 27 घी के सैंपल शामिल

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले दो वर्षो में मिल्क प्रोडक्ट के लिए गए 1220 सैंपलों में से 211 सैंपल फेल सिद्ध हुए हैं इनमें 71 सैंपल सिर्फ पनीर के हैं जबकि 27 सैंपल देसी घी के हैं जिले में मिल्क प्रोडक्ट की क्या हालत है यह इसकी रिपोर्ट साफ बयां करती है जिसके पिछले वर्षो से स्वास्थ्य विभाग द्वारा काफी कम सैंपलिंग की गई है जहां पहले जिले में हर महीने फूड सेफ्टी कमिश्नर द्वारा लगभग ढाई सौ सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था उसमें अचानक सैंपलिंग की सम संख्या सीमित करते हुए 50 से 60 सैंपलों के बीच में फिक्स कर दिया स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट में लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि वह जिन दूध और दूध से बने हुए पदार्थ का सेवन कर रहे हैं वह सही भी है या नहीं ऐसे में फूड कमिश्नर द्वारा सैंपलों की संख्या बढ़ाने की बजाएं उससे लगभग पांच गुना कम कर दिया इस पर फूड विंग की टीमों ने तो और भी कमाल कर दिया किसी किसी महीने में सैंपलिंग इतनी कम की कि वह अपने टारगेट को छू नहीं पाई उदाहरण के तौर पर मार्च 2024 में 6 सैंपल भरें गए जबकि मई में 13, जून में 21, जुलाई में 22 तथा अगस्त में सिर्फ 9 सैंपल लिए गए पूरे वर्ष का ब्यौरा इस प्रकार है।



## क्या कहते हैं अधिकारी

**जिला सेहत विभाग की ओर से मिल्कः** प्रोडक्टस की सैंपलिंग ध्यान दिया जा रहा है । जांच में जो भी सैंपल फेल पाए जाते हैं, उन पर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा और मिलावट खोरी और घटिया खाद्य पदार्थो का निर्माण और बिक्री करने वालों पर फूड सेफ्टी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. आशीष चावला

## टारगेट नहीं बढाये सैंपलिंग रहेगी सीमित

राज्य के फूड कमिश्नर द्वारा जिले में सैंपलिंग का टारगेट बढाये बिना फूड सैंपलिंग सीमित स्तर पर रहने की पूरी संभावना है वर्तमान में जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है वह 50 से 60 सैंपल तक का बताया जाता है ऐसे में अगर स्वास्थ्य विभाग की टीम महीने में फूड सैंपलिंग करेगी तो उसमें मिल्क प्रोडक्ट के सैंपल सीमित मात्रा में रहेंगे।

### १०२४ में फेल सैंपलों का ब्यौरा

| महीना | सैपल लिए | फेल हुए |
|---|---|---|
| जनवरी | 38 | 04 |
| फरवरी | 35- | 01 |
| मार्च | 06- | 0 |
| अप्रैल | 43- | 01 |
| मई | 13- | 01 |
| जून | 21- | 08 |
| जुलाई | 22- | 08 |
| अगस्त | 09- | 04 |
| सितंबर | 33- | 06 |
| अक्तूबर | 50- | 07 |
| दिसंबर | 48- | 17 |

### साल 2025 में फेल सैंपलों का ब्यौरा

| महोना | सैंपल लिए | फेल हुए |
|---|---|---|
| जनवरी | 34- | 03 |
| फरवरी | 41- | 03 |
| मार्च | 228 - | 43 |
| अप्रैल | 76 - | 27 |
| मई | 63- | 11 |
| जून | 62- | 14 |
| जुलाई | 66- | 06 |
| अगस्त | 67- | 11 |
| सितंबर | 21- | 03 |
| अक्तूबर | 107- | 12 |
| नवंबर | 54- | 07 |
| दिसंबर | 61- | 02. |

*मिठाइयों की जांच सीजन तक सीमित...स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिठाइयों की जांच त्योहारों के सीजन तक की सीमित कर दी गई है जबकि पंजाब में किसी भी सेलिब्रेशन के मौके पर मुंह मीठा करने की परंपरा सारा वर्ष चलती रहती है फूड सैंपल लेने के नाम पर विभाग द्वारा सैंपलिंग लेने की एक्सरसाइज ज्यादा की जाती है जबकि सैंपल संभावना से कम ही फैल सिद्ध होते हैं बहुत बार तो सैंपल दुकानदार की मर्जी के अनुरूप ही लिए जाते हैं इसे फूड सैंपल लेने वाली टीम का नरम रवैया बताया जाता है*

**मिठाइयों पर लगने वाले वर्क की लंबे समय से नहीं हुई जांच...**स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए फूड सैंपल्स की श्रृंखला के दौरान मिठाइयों पर लगने वाले चांदी के वर्क की जांच बेहद सीमित मात्रा में की गई है पिछले दो ढाई वर्षो में फूड सैंपल्स लेने वाली टीम के द्वारा वर्क के 10 सैंपल भी नहीं लिए गए।

## उच्च अधिकारियो का रवैया नकारात्मक

शहर के गैर सरकारी संगठनों से संबंधित लोगों का कहना है कि फूड कमिश्नर और सरकार का रवैया शहर के लोगों की सेहत के प्रति नकारात्मक दिखाई देता है क्योंकि जिले में हर महीने 300 से 400 फुड सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए जिससे मिलावटखोरी और घटिया गुणवत्ता के मामलों पर अंकुश लगाया जा सके उन्होंने कहा कि जिले में फूड सैंपलिंग ही पूरी नहीं हो रही जहां व्यापक सैंपलिंग की जरूरत है वहा सीमित सैंपलिंग कराई जा रही है अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण शहर के लोगों की सेहत खतरे में दिखाई दे रही है।

## सैंपल फेल होने का अनुपात बेहद कम

जन स्वास्थ्य के मुद्दे से जुड़े लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा एकत्रित किए गए सैंपल्स में फेल सैंपल का अनुपात बेहद कम रहता है जबकि सैंपल लेने वाले अनुभवी फूड सेफ्टी अफसर को इस बात का आभास हो जाता है की कौन से सैंपल के फेल होने की संभावना अधिक है।

# वैसाखी पर मोहाली में गूंजा गुरबाणी का स्वर, सुखमनी साहिब पाठ व लंगर का आयोजन

## वैसाखी पर मोहाली में सुखमनी साहिब पाठ, संगत ने लिया लंगर प्रसाद

मोहाली/यूटर्न/12 अप्रैल। वैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में श्री सुखमनी साहिब के पावन पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री रामलीला एवं दशहरा कमेटी फेस 1 मोहाली की ओर से किया गया। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरबाणी का श्रवण किया और आध्यात्मिक शांति प्राप्त की। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। पाठ की समाप्ति के उपरांत श्री रामलीला एवं दशहरा मैदान में सामूहिक लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में सभी धर्मो एवं वर्गो के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया, जो आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक रहा। लंगर सेवा में कमेटी के सदस्यों एवं स्थानीय संगत ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। कमेटी के प्रधान आशु सूद ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सेवा भावना, एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं।



# ब्रदरहुड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से किया गया मीटिंग का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। ब्रदरहुड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मीटिंग का आयोजन आहलुवालिया स्ट्रीट में चेयरमैन पवन शर्मा और प्रधान संजय शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस मीटिंग का शुभारंभ करते सबसे पहले वृंदावन में मारे गये श्रद्धालुओं की दुखद मौत पर गहरा शौक व्यक्त किया और सभी सदस्यों द्वारा उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके मीटिंग को संबोधित करते प्रधान संजय शर्मा ने कहा कि सोसाइटी द्वारा जल्द ही मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। चेयरमेन पवन शर्मा ने कहा कि 26 अप्रैल को 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन दिया जाएगा । इस अवसर पर चेयरमेन पवन शर्मा, प्रधान संजय शर्मा, जनरल सेक्टरी अशोक अग्रवाल, सीनियर वाइस प्रधान पुनीत बांसल, नरेश बब्बर, रमेश अग्रवाल, पवन मलिक, अनिल शर्मा, भूपिंदर सिंह जौहर और सतविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

# अमरनाथ यात्रा 2026: मेडिकल जांच शुरू, अस्पतालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए अनिवार्य मेडिकल जांच प्रक्रिया सिविल अस्पताल मनीमाजरा सहित ट्राइसिटी के विभिन्न अस्पतालों और डिस्पेंसरी में विधिवत रूप से शुरू हो गई है। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या के चलते अस्पतालों में सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए मेडिकल जांच करवाने के लिए घंटों लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। सिविल अस्पताल मनीमाजरा में विशेष रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जहां प्रशासन द्वारा सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए आवश्यक फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पर्याप्त स्टाफ और सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। अस्पताल प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय से पहले पहुंचें और अपने सभी जरूरी दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि किसी प्रकार की देरी या असुविधा से बचा जा सके। वहीं, श्रद्धालुओं ने मांग की है कि प्रत्येक डिस्पेंसरी में अलग काउंटर स्थापित किए जाएं, जिससे फॉर्म जांच प्रक्रिया आसान और त्रुटिरहित हो सके।



# 'गांव चलो - घर चलो' अभियान के तहत मडलौडा गांव में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

## पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने स्वयं झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न 12 अप्रैल। 'गांव चलो - घर चलो' अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इसराना विधानसभा क्षेत्र के मडलौडा गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान का भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने स्वयं झाड़ू लगाकर गांव में सफाई की और उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें गलियों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों की सफाई की गई। मंत्री ने स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सफाई कार्य में भाग लेकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल कहने की नहीं, बल्कि करने की प्रक्रिया है और इसमें हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने कहा कि 'गांव चलो -घर चलो' अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों के समग्र विकास को गति देना, ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना तथा जन समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसे जन-आंदोलन का रूप देना आवश्यक है।

# महिलाओं को मिलेगी तकनीकी ताकत, ड्रोन प्रशिक्षण से बदलेगा भविष्य :उपायुक्त

निर्मल सिंह




पानीपत, यूटर्न 12 अप्रैल। महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना को जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को ड्रोन एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे वे आधुनिक तकनीक से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। योजना के अंतर्गत चयनित महिलाओं को ड्रोन संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त डॉ विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अब कृषि कार्यों, फसलों पर दवाई छिड़काव, उर्वरक वितरण, भूमि सर्वेक्षण सहित अन्य आधुनिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। इससे न केवल कार्य की गति बढ़ेगी बल्कि उनकी आय के नए स्रोत भी विकसित होंगे। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि पात्र महिलाओं को ड्रोन की लागत पर 80 प्रतिशत तक अनुदान या अधिकतम 4 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता उन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी, जो संसाधनों की कमी के कारण तकनीकी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रही थीं।

# युवाओं के लिए नई पहल: लुधियाना में बहुउद्देशीय खेल मैदान का शुभारंभ





लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। पंजाब के कैबिनेट मंत्री Sanjeev Arora ने रविवार को श्री गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में नवनिर्मित खेल मैदान का उद्घाटन किया। यह पहल क्षेत्र में खेल ढांचे को मजबूत करने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर विधायक Inderbir Singh Nijjar और Kulwant Singh Sidhu सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, 'खेल युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ने का बेहतरीन माध्यम हैं। इससे अनुशासन, टीमवर्क और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित होती है।' कैबिनेट मंत्री ने यह भी घोषणा की कि पंजाब सरकार गांवों में खेल मैदान विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि नए मैदान में वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल और पिकलबॉल जैसी विभिन्न खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर मिल सकेंगे।

# काला गली 2026: दो दिवसीय लुधियाना आर्ट फेस्टिवल सम्पन्न, एक्टर गुरप्रीत घुग्गी ने की युवा कलाकारों की सराहना



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। दो दिवसीय काला गली 2026 आर्ट फेस्टिवल का भव्य समापन उत्साह और रचनात्मकता के शानदार माहौल में हुआ। एनजीओ इनीशिएटर्स ऑफ चेंज द्वारा ब्रिलिको के सहयोग और नगर निगम लुधियाना के साथ मिलकर आयोजित इस अनोखे कला उत्सव ने शहर के युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और एक सशक्त मंच पर जुड़ने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर पंजाबी कॉमेडियन व अभिनेता गुरप्रीत घुग्गी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में प्रीतीश नरूला, कांग्रेस लीडर अमृता वरिंग, पूर्व पार्षद ममता आशु, हैरी उप्पल और समाज सेविका पूनम शर्मा मौजूद रहे। फेस्टिवल में 15 से 25 वर्ष के 120 से अधिक युवा कलाकारों ने पेंटिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल आर्ट, कैलिग्राफी, रेज़िन आर्ट, नेल आर्ट, क्रोशे, थ्रेड व नीडल आर्ट, हैंडमेड गिफ्टिंग और 3ऊआर्ट जैसी विविध विधाओं में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही छोटे बच्चों ने सिंगिंग, डांस और कॉमेडी के माध्यम से मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं।

# बिजली तारों के नीचे टिप्पर ठीक कर रहे मैकेनिक को लगा करंट, हालत गंभीर



पंजाब/यूटर्न/12 अप्रैल। जालंधर के फिल्लौर में गांव रामगढ़ के पास रविवार को दोपहर डेढ़ बजे के करीब नेशनल हाईवे पर टिप्पर ड्राइवर की गलती से मैकेनिक करंट से झुलस गया। लोगों ने बताया कि जब मैकेनिक टिप्पर की कमानियां ठीक कर रहा था तो ड्राइवर ने हाइड्रॉलिक से टिप्पर को ऊपर उठा दिया जिससे बॉडी तारों से छू गई और करंट आ गया। टिप्पर की बॉडी तारों से छुई तो पटाखे की तरह आवाज आई। आवाज सुन आपसास के दुकानदार बाहर निकले और झुलसे हुए मैकेनिक को फिल्लौर के सिविल अस्पताल में पहुंचाया जहां से फर्स्ट एड देने के बाद मैकेनिक को जालंधर सिविल अस्पताल रैफर कर दिया गया है। घायल मैकेनिक की पहचान अमरीक सिंह निवासी लसाड़ा के रूप में हुई है।

चंड़ीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05 सोमवार, 13 अप्रैल 2026



पेज 12 ईरान, ट्रंप खिलाफ जंग जीत रहा, लेकिन यह सोच से...

# दिल्ली और गुरुग्राम के बीच का सफर लुधियाना के दो छोरों के बीच के सफर से भी छोटा होगा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। गुरुग्राम और दिल्ली के बीच भीड़भाड़ वाले रास्तों से गुजरने की रोज की परेशानी अब एक ऐतिहासिक बदलाव के कगार पर है। नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में भीड़ कम करने के एक बड़े कदम के तहत, केंद्र सरकार ने तीन मुख्य हाईवे कॉरिडोर, जिसमें ज्यादा ट्रैफिक वाली महरौली-गुरुग्राम रोड भी शामिल है, को सिग्नल-फ्री जोन में बदलने की एक महत्वाकांक्षी योजना पेश की है। इस इंफ्रास्ट्रक्चर बदलाव से उम्मीद है कि अभी पीक-ऑवर में लगने वाला एक घंटे से ज्यादा का सफर का समय घटकर सिर्फ 15 मिनट रह जाएगा, जिससे मिलेनियम सिटी की जीवनशैली और अर्थव्यवस्था में बुनियादी बदलाव आएगा।



## गुरुग्राम मुख्य सड़क नेटवर्क में बदलाव की तैयारी में

दिल्ली में हो रहे सुधारों के साथ-साथ, गुरुग्राम भी अपने मुख्य सड़क नेटवर्क में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) इफ़्को चौक से दिल्ली बॉर्डर तक 5.5 किलोमीटर लंबे MG रोड के हिस्से को अपने हाथ में लेने वाला है। योजनाओं में इस अहम सड़क को एक 'मॉडल रोड' में बदलना शामिल है, जिसमें इफ़्को चौक पर एक मल्टी-लेवल इंटरचेंज या क्लोवरलीफ बनाया जाएगा, जिससे उन रेड लाइटों को पूरी तरह से हटा दिया जाएगा जिन्होंने लंबे समय से यात्रियों के सब्र का इम्तिहान लिया है। यह बदलाव रणनीतिक रूप से ऐसे समय पर किया जा रहा है जब इफ़्को चौक पर रीजनल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (RRTS) और बढ़ी हुई मेट्रो लाइनें मिल रही हैं, जिससे यह NCR का सबसे बड़ा ट्रांज़िट हब बन जाएगा।

## मंत्री ने सांझी की जानकारी

लोकसभा को संबोधित करते हुए, सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पुष्टि की कि आश्रम-बदरपुर और महरौली-गुरुग्राम जैसे मुख्य चौराहों पर कई फ्लाईओवर और आधुनिक इंटरचेंज बनाए जाएंगे। मल्होत्रा ने कहा, अभी भीड़भाड़ की वजह से, इसमें लगभग एक से डेढ़ घंटा लगता है। यह सफर का समय कम हो जाएगा। इसी तरह, महरौली और गुरुग्राम के बीच का सफर का समय, इस हिस्से के सिग्नल-फ्री होने के बाद, अभी के एक घंटे के बजाय घटकर सिर्फ 15 मिनट रह जाएगा। उन्होंने सरकार का बिना किसी रुकावट के आवाजाही पर जोर देते हुए यह बात कही।

## किराए में आएगा उछाल

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस अभूतपूर्व नजदीकी से गुरुग्राम में किराए में भारी उछाल आएगा। जैसे-जैसे ₹15 मिनट का सफरर हकीकत बनता जा रहा है, साउथ दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के गुरुग्राम के प्रीमियम रिहायशी इलाकों की ओर उमड़ने की उम्मीद है। वे बिना लंबे सफर की परेशानी झेले, बेहतर सुविधाओं की तलाश में ऐसा करेंगे। इस बदलाव से ठफमें सफर करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा, और जो शहर कभी अलग-थलग थे, वे अब एक ही, आपस में जुड़े हुए शहरी गलियारे में बदल जाएँगे। कालिंदी कुंज और पंजाबी बाग-टीकरी बॉर्डर पर ट्रैफिक की रुकावटें भी जल्द ही खत्म होने वाली हैं; इसके साथ ही, बिना सिग्नल वाले सफर का दौर आखिरकार आ ही गया है। इससे लाखों लोगों का समय बचेगा और राजधानी क्षेत्र में आर्थिक विकास की एक नई लहर शुरू होगी।

# वृंदावन हादसा: जांच और जवाबदेही की मांग, मंत्री अरोड़ा ने उठाए सवाल





चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। पंजाब के कैबिनेट मंत्री Sanjeev Arora ने रविवार को लुधियाना पहुंचकर वृंदावन में हुए दर्दनाक नाव हादसे के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू भी मौजूद रहे। मंत्री अरोड़ा ने राकेश गुलाटी व अंजू गुलाटी के परिवार के साथ-साथ मीनू बंसल और उनकी बेटी डिंकी बंसल के परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता और वे एक मंत्री ही नहीं, बल्कि इंसान के तौर पर उनके दुख में शामिल होने आए हैं। उन्होंने हादसे के पीछे लापरवाही को कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि गंभीर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने उच्च स्तरीय और समयबद्ध जांच की मांग की तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई पर जोर दिया। अरोड़ा ने आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समन्वय कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाएगी और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के प्रयास करेगी। इसी बीच, डिंकी बंसल का शव यमुना नदी से बरामद कर लिया गया है, जो देर रात लुधियाना पहुंचने की संभावना है।

# डॉक्टर से 86 लाख की धोखाधड़ी, पार्टनर पर फर्म के मुनाफे में हेराफेरी का आरोप, FIR दर्ज

पंजाब/यूटर्न/12 अप्रैल। फिरोजपुर की सिटी पुलिस ने एक डॉक्टर के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में फिरोजपुर के ही रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों पक्षों द्वारा फर्म का प्रॉफिट आधा-आधा करने के समझौते के बावजूद, हिसाब-किताब में शिकायतकर्ता के साथ लाखों की ठगी की गई।




पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को फिरोजपुर के मलवाला रोड पर रामलाल नगर के रहने वाले डॉक्टर प्रदीप दियोड़ा पुत्र श्री बनारसी दास दियोड़ा द्वारा एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि राजन वर्मा पुत्र प्रेमनाथ वासी गली बाबा लाल दयाल बाहरवार कसूरी गेट फिरोजपुर ने उनके साथ लाखों रुपयों की ठगी की है। डॉक्टर दियोड़ा ने बताया कि उन्होंने राजन वर्मा को अपनी फर्म राधिका फार्मा स्यूटिकल्स की देखरेख की जिम्मेदारी दी थी, जो रामलाल नगर फिरोजपुर शहर में स्थित है। दोनों के बीच प्रॉफिट 50-50% के हिसाब से बांटने का समझौता हुआ था।

## हिसाब किताब के दौरान सच आया सामने

शिकायतकर्ता के अनुसार, करीब 6 महीने बाद फर्म का हिसाब-किताब करने पर सामने आया कि राजन वर्मा ने उनके साथ 86 लाख 70 हजार 318 रुपए की ठगी की है। इस पर सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने राजन वर्मा के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में आगे की जांच पड़ताल करेगी, ताकि धोखाधड़ी के पूरे मामले का पदार्फाश किया जा सके।

# कांग्रेस-आप के सैकड़ों कार्यकर्ता अकाली दल में शामिल, नकोदर में वरिष्ठ नेता केएस मखन ने दिलाई सदस्यता



पंजाब/यूटर्न/12 अप्रैल। नकोदर (नूरमहल) विधानसभा क्षेत्र के गांव रंगरां में शिरोमणि अकाली दल (बादल) को आज उस समय और मजबूती मिली, जब वरिष्ठ अकाली नेता और गायक केएस मखन के नेतृत्व में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी पार्टियां छोड़कर अकाली दल का दामन थामा। इस अवसर पर केएस मखन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय पार्टी शिरोमणि अकाली दल को ही वोट दिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अकाली दल का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। मखन ने गांववासियों को आश्वासन दिया कि गांवों के विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सरदार प्रकाश सिंह बादल ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, उसी तरह सरदार सुखबीर सिंह बादल भी इन कार्यों को सबसे पहले पूरा करेंगे।

Uturn Time 13 Apr 2026_Layout 2 12-04-2026 23:34 Page 6



# चंडीगढ़ में बरसाना प्रकट उत्सव का पावन और आध्यात्मिक आगाज

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। चंडीगढ़ में सात दिन की पुंडरीक गोस्वामी की श्रीमद्भागवत कथा भव्य रूप से शुरू हो गई है। राधा रमण नाम के पंडाल में भक्तों की अपार भीड़ जुटी, जिन्होंने कथा का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस शुभ अवसर पर, कथा में बरसाना प्रकट उत्सव का भी आगाज हुआ, जिसे भक्तों ने बड़े उल्लास से मनाया। इस पावन अवसर पर, खुद पुंडरीक स्वामी जी की माता जी भी कथा श्रवण के लिए आई, और निमाई पाठशाला के बच्चों का उत्साह भी खास देखने को मिला। सभी भक्तगणों ने इस कथा का गहरा आध्यात्मिक अनुभव किया। आज चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी जी भी कथा सुनने पहुंचे क पुण्डरीक की माता और उनकी पत्नी मैया रेणुका जी भी कथा सुनने आई क कल पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया और जया किशोरी जी भी आएगी









चंडीगढ़ में बरसाना प्रकट उत्सव का पावन और आध्यात्मिक आगाज श्रीमद् भागवत कथा के साथ शुरू हुआ, बरसाना प्रकट उत्सव श्री राधा रस भागवत कथा 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक चलेगी तेजसविनी फाउंडेशन के फाउंडर हर्ष शर्मा ने ट्राइसिटी वासियों को शुभकामनाएं दी हैं और सभी को इस पावन कथा का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। आयोजक आज पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया जी से भी मिले और कथा के लिए निमंत्रण दिया। गौरी शंकर सेवादल गौशाला, चंडीगढ़ से विनोद शर्मा जी आग्रह किया है कि शहरवासी अधिक से अधिक संख्या में आएं और कथा का लाभ लें। विशेष रूप से, उन्होंने युवाओं से अपने आध्यात्मिक रुचि को बढ़ाने का संदेश दिया है। सात दिन का यह आध्यात्मिक कार्यक्रम 18 अप्रैल तक चलेगा और रोज शाम 4:00 बजे से रात 8:00 बजे तक होगा। सभी भक्तों के लिए एंट्री फ्री होगी। सातों दिन फ्री लंगर सेवा भी की गई है। कथा का आयोजन गौरी शंकर सेवादल गौशाला, सेक्टर 45 चंडीगढ़, तेजस्विनी फाउंडेशन पंचकूला द्वारा श्रद्धा के साथ किया जा रहा है, जिसमें ट्राइसिटी के कई सामाजिक और धार्मिक संगठन हिस्सा ले रहे हैं।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### इनफ्लुएंसरस का बढ़ता क्रेज

आज के डिजिटल युग में इन्फ्लुएंसर्स का क्रेज युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया ने आम लोगों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने और पहचान बनाने का मौका दिया है। आज का युवा केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह अपने कंटेंट के जरिए नाम और पैसा दोनों कमाना चाहता है। इन्फ्लुएंसर्स कई प्रकार के होते हैं-जैसे फैशन इन्फ्लुएंसर, फिटनेस इन्फ्लुएंसर, टेक इन्फ्लुएंसर, एजुकेशनल इन्फ्लुएंसर, ट्रैवल ब्लॉगर और फूड व्लॉगर। हर इन्फ्लुएंसर अपने क्षेत्र में लोगों को प्रभावित करता है और उन्हें नई जानकारी या प्रेरणा देता है। युवा आज कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कमाई कर रहे हैं, जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और ब्लॉगिंग वेबसाइट्स। इन प्लेटफॉर्म्स पर वे विज्ञापनों, ब्रांड प्रमोशन, स्पॉन्सरशिप, एफिलिएट मार्केटिंग और पेड कोलैबोरेशन के जरिए आय अर्जित करते हैं। हालांकि, यह क्षेत्र जितना आकर्षक दिखता है, उतना आसान नहीं है। इसमें लगातार मेहनत, धैर्य और नए आइडियाज की जरूरत होती है। सफल होने के लिए कंटेंट की गुणवत्ता और दर्शकों से जुड़ाव बहुत महत्वपूर्ण होता है। अंततः, इन्फ्लुएंसर बनना आज के युवाओं के लिए एक नया कैरियर विकल्प बन चुका है, लेकिन इसमें सफलता पाने के लिए लगन और सही दिशा में प्रयास जरूरी है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Case जीतने के 5 practical factors**

अक्सर लोग मानते हैं कि केस सिर्फ सच के आधार पर जीता जाता है, लेकिन वास्तविकता में कुछ व्यावहारिक (practical) पहलू भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। सबसे पहला factor है Evidence (साक्ष्य) — जो भी दावा किया जा रहा है, उसे साबित करने के लिए ठोस प्रमाण होना जरूरी है। बिना evidence के मजबूत केस भी कमजोर हो सकता है।

दूसरा है Timing (समय) — समय पर केस दाखिल करना और आवश्यक कदम उठाना बहुत जरूरी है। देरी कई बार केस को प्रभावित कर देती है। तीसरा factor है Drafting (ड्राफ्टिंग) — petition या written statement सही और स्पष्ट होना चाहिए, ताकि अदालत के सामने आपकी बात प्रभावी ढंग से रखी जा सके। चौथा है Consistency (एकरूपता) — आपके बयान और दस्तावेज एक-दूसरे के अनुरूप होने चाहिए। विरोधाभास (contradiction) केस को कमजोर कर सकता है। पांचवां और सबसे महत्वपूर्ण है Legal Strategy (रणनीति) — हर केस में सही समय पर सही कदम उठाना ही परिणाम तय करता है। कई लोग केवल भावनाओं के आधार पर केस लड़ते हैं, जबकि अदालत में तथ्य और प्रक्रिया अधिक महत्व रखते हैं।

निष्कर्ष : केस जीतना केवल सच पर नहीं, बल्कि सही evidence, समय, drafting और रणनीति के संतुलन पर निर्भर करता है।

# कलयुग में संकीर्तन ही मोक्ष का सरल मार्ग : रविनंदन शर्मा

लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। श्री सिद्धि विनायक मंदिर, चूहड़पुर रोड, न्यू माया नगर, हैबोवाल स्थित मंदिर प्रांगण में श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) के केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, रविनंदन शर्मा और हनी कौशल द्वारा भव्य संकीर्तन में श्री ठाकुर जी का गुणगान किया। हरिनम संकीर्तन का आयोजन मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दरबार में हाजिरी लगाकर भक्ति रस का आनंद लिया। संकीर्तन मंडली ने संकीर्तन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण और संकीर्तन ही सबसे सरल और प्रभावी साधन है। संकीर्तन से मन की शुद्धि होती है, पापों का नाश होता है और व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति के साथ-साथ मोक्ष



का मार्ग भी प्रशस्त होता है। यह भक्ति का ऐसा माध्यम है, जो व्यक्ति को सीधे प्रभु से जोड़ता है। इस अवसर पर मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा, मुनीश कक्कड़ और चंद्रशेखर शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि कलयुग में संकीर्तन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर रविनंदन शर्मा, मुनीश कक्क्ड़, चंद्रशेखर शर्मा, अशोक गुप्ता, राजू गोयल, जयंत मल्होत्रा, कपिल शर्मा, अजय अरोड़ा, गणेश कुमार, मिक्की शर्मा, रविंदर गुप्ता, आशु गुप्ता, सोनिया रविनंदन शर्मा, नीलम सभरवाल, दिव्या शर्मा, नीना शर्मा, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, अरिंधम शर्मा, राकेश पंजनी, सुनीता, हन्नी कौशल, करण कौशल, धर्मराज, आचार्य पंडित कमल किशोर, पंडित विजय शर्मा, राहुल बस्सी, हनी सिक्का, मुनिश बस्सी, संजय वर्मा, विशाल ढल, सतीश वशिष्ठ, दिलप्रीत कालरा, वनीत अरोड़ा, माधव अरोड़ा, शुभम ढल,अरुण टंडन, राजीव खोसला, भव्या सिक्का, तन्मय अरोड़ा, राहुल ढल, कृष्ण ढल आदि उपस्थित हुए।

# प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल में माथा टेका, जूठे बर्तन मांजने की सेवा की, गुरबाणी भी सुनी

अमृतसर/यूटर्न/12 अप्रैल। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल पहुंचीं। यहां उन्होंने दरबार साहिब में माथा टेका। इसके बाद वह लंगर हॉल में गई, जहां उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक बर्तन धोने की सेवा की। साथ ही लंगर के अन्य कामों में भी सहयोग किया। प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ दिनों से अमृतसर में अपनी आने वाली



फिल्म 'अमरी' की शूटिंग कर रही थीं। बीती रात उनकी शूटिंग पूरी हुई और काम खत्म होते ही वह सीधे गोल्डन टेंपल पहुंच गई। इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल की मयार्दा का खास ख्याल रखा। वह व्हाइट कलर का शूट पहने नजर आई। उनका सिर दुपट्टे से ढंका हुआ रहा। प्रियंका चोपड़ा आम श्रद्धालु की तरह यहां रही। यह 12 दिन के भीतर उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह 31 मार्च को भी यहां आई थीं और उस समय भी उन्होंने लंगर हॉल में सेवा की थी।

# प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य है भाजपा के कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना - मंजीत

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। भाजपा द्वारा प्रदेश भर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' (प्रशिक्षण कैंप) शुरू किया जा चुका है। उसी कड़ी में लुधियाना जिला भाजपा के अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में पूर्वी हल्के में भी प्रशिक्षण कैंप लगाए गए है। पूर्वी हल्के का प्रशिक्षण कैंप विश्व नाथ धर्मशाला जमालपुर में 11 व 12 अप्रैल को लगाया गया। आयोजित इस शिविर में भाजपा कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन के मूल सिद्धांतों, केंद्र सरकार की उपलब्धियों और डिजिटल टूल्स (नमो ऐप, एआई) के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। मोदी सरकार की स्कीमों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है शिविर में अलग अलग वक्ताओं ने अपने अपने भाषण में अहम जानकारियां दी कि कैसे इन शिवरों के माध्यम से भाजपा का कार्यकर्ता हर वर्ग के घरों तक जाकर मोदी सरकार की जो स्कीमों के बारे में बताए। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के सीनियर नेता व प्रशिक्षण शिविर के प्रदेश प्रमुख मंजीत सिंह राय शिविर में विशेष रूप से शामिल हुए और कार्यकताओं को पंजाब में होने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रति प्रेरित किया।



मंजीत राय ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर अभियान का मुख्य उद्देश्य है भाजपा के कार्यकताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देना।

कैंप में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, एकात्म मानववाद,बूथ प्रबंधन,और जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में मंडल स्तर पर इन कैंपों का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण कैंप में भाजपा जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश के उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल, पार्षद पल्लवी विनायक, हरीश टंडन,प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष लीना टपारिया,जिला महामंत्री यशपाल जनोत्रा,नरेंद्र सिंह मल्ली,जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा,नवल जैन,सौरव कपूर, प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार, परवीन शर्मा,वरिंदर सहगल धर्मेंद्र शर्मा,साबिर हुसैन,अनील भारद्वाज,रूबी गोरियान ,जतिंदर गोरियान,डोली गोसाई,मंडलों के प्रधान अंकुर वर्मा, अमित राय,रवि चौरसिया,प्रमोद कुमार, रोमी मल्होत्रा,विपन विनायक,हैप्पी रंधावा, सतनाम वर्मा,मनमीत सिंह चावला,देवी सहाय टंडन,जसदेव तिवारी,विनोद राणा,अश्वनी अग्निहोत्री इत्यादि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण कैंप में मौजूद रहे।

# भारतीय संगीत की सबसे वसेर्टाइल सिंगर आशा भोसले नहीं रहीं, 82 साल का सिंगिंग करियर, 20 भाषाओं में 12,000 गाने गाए

## 9 फिल्मफेयर समेत 100+ अवॉर्ड जीते; किशोर के साथ 600 से ज्यादा गाने गाए

नई दिल्ली/यूटर्न/12 अप्रैल। भारतीय संगीत जगत की सबसे वसेर्टाइल सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर के कारण उनका निधन हुआ। उनके बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले ने अपनी आवाज से सात दशक तक फिल्म इंडस्ट्री पर राज किया। 10 साल की उम्र में पहला गाना गाने वाली आशा का सिंगिंग करियर 82 साल का रहा, जिसमें उन्होंने 12 हजार से ज्यादा गाने गाए। आशा का आखिरी गाना 2026 में रिलीज हुआ।




### 12,000 से ज्यादा गाने गाए

*आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।*

### आवाज खराब बता किया था रिजेक्ट

1947 में एक रिकॉर्डिस्ट ने आशा भोसले की आवाज को खराब कहकर रिजेक्ट कर दिया था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आशा ने संघर्ष जारी रखा और हिंदी-मराठी समेत 20 भाषाओं में गाने गाकर अपना नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराया। आशा भोसले ने 9 फिल्मफेयर जीते हैं। इनमें 7 बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर अवॉर्ड शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आशा को 100 से ज्यादा प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स मिले। आशा को कुल 18 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया। उन्होंने 1979 में इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने पर अपना नाम वापस ले लिया था ताकि नई गायिकाओं को मौका मिल सके। आशा ने मोहम्मद रफी के साथ करीब 900 और किशोर कुमार के साथ 600 से ज्यादा गाने गाए हैं।

# अंबेडकर नवयुवक दल द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब के जन्मदिवस पर निकाली जाएगी शोभायात्रा



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। अंबेडकर नवयुवक दल भारत द्वारा 14 अप्रैल को प्रात 10 बजे युग प्रवर्तक, संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 135वें जन्मदिवस पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा ज्ञान विद्यालय, पीपल चौक (ग्यासपुरा) से प्रारंभ होकर जीटी रोड, शेरपुर, ढोलेवाल, गुरुद्वारा पेरूमान, विश्वकर्मा चौक, घंटाघर, माता रानी चौक से होते हुए जालंधर बायपास पर लगी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भेंट करके समापन करेगी। इस शोभायात्रा में बैंड, भंगड़ा, डीजे के साथ बहुजन महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे एवं बुद्ध अनुयायी के साथ बुद्धिजीवी भाग लेंगे। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार व लंगर की विशेष व्यवस्था रहेगी। यह जानकारी दल के संस्थापक बंसीलाल प्रेमी ने दी और उन्होंने कहा जिस तरह आज देश में अंबेडकर बात की लहर चल रही है, उसमें आप सभी संविधान में विश्वास रखने वाले वी बाबा साहब के प्यार करने वाले सभी सम्मानित साथी बढ़-चढ़कर शामिल हो ऐसी हम अपील करते हैं।

# भावाधस द्वारा 14 अप्रैल को मनाया जाएगा डॉ. आंबेडकर जी का 135वां जन्म दिन - विजय दानव



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस की एक बैठक राष्ट्रीय मुख्य संचालक वीरेश विजय दानव की अगुवाई में संस्था के केंद्रीय कार्यालय स्थानीय नगर निगम जोन-ए के पास हुई। इस अवसर पर विजय दानव ने बताया कि भावाधस द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारत रत्न बाबा साहिब डॉ. भीम राव आंबेडकर जी के 135वें जन्म दिन के अवसर पर एक विशाल समारोह शून्य से शिखर का आयोजन 14 अप्रैल दोपहर 1 बजे स्थानीय मल्होत्रा पैलेस लुधियाना में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने समाज में विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं और भावाधस द्वारा इस दौरान परीक्षाओं में अच्छा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा। इस दौरान आए अतिथियों द्वारा बाबा साहिब जी के जीवन, शिक्षाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा। इस समारोह में बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस मौके चौधरी यशपाल, रजिंदर हंस, विमल भट्टी, रोहित सहोटा, अक्षय राज, संजय दिशावर, सुधीर धारीवाल, महीक सिंह टोनी गहलोत, हीरा गिल, शाम बोहत, लव द्रविड़ , अशोक दैत्या, जतिंदर घावरी, अशोक दानव, संजीव बेगड़ा, सुरेश सैली, कनोज दानव, धर्मवीर मचल, अजै कालड़ा, सुनील हंस, सूरज गिल, मिंकल आदि उपस्थित थे।

# रेवरेंड डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रचा इतिहास, अमेरिका की संस्था से मिला वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित समाजसेवी, आध्यात्मिक नेता और अंतरराष्ट्रीय कवि-लेखक रेवरेंड डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वैश्विक स्तर पर अपना नाम दर्ज कराया है। उन्हें Grace लेडीज ग्लोबल बुक ऑफ रिकाड्र्स (यूएसए) द्वारा "600 वर्ल्डवाइड यात्रा 'पैडयात्रा' फॉर मेंस्टुएशन हाइजीन' अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए आधिकारिक रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान से नवाजा गया।




यह वैश्विक अभियान 31 मार्च 2026 को दुनिया के 600 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना था। इस अंतरराष्ट्रीय पहल का नेतृत्व प्रोफेसर डॉ. बी. दवे के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें 10 प्रमुख सामाजिक संगठनों की टीमों ने मिलकर भाग लिया। इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के चलते डॉ. जितेन्द्र सिंह को वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के रूप में मान्यता मिली है। डॉ. जितेंदर सिंह जो एनसीआईजीडी चंडीगढ़ के प्रिस्ट होने के साथ-साथ एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कवि और लेखक भी हैं, इससे पहले नोबेल पीस प्राइज के लिए नामांकित रह चुके हैं। अब इस नई उपलब्धि के साथ उन्होंने अपनी पहचान को और मजबूत किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा यह मेरे लिए गर्व का विषय है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इससे महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने अपने संदेश में परमेश्वर का आभार व्यक्त करते हुए ग्रेस लेडीज ग्लोबल बुक ऑफ रिकाड्र्स और पूरी टीम, विशेष रूप से प्रो. डॉ. बी. दवे का धन्यवाद किया। गौरतलब है कि यह संस्था एक अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म है, जिसका संचालन अमेरिका से किया जाता है। डॉ. जितेन्द्र सिंह की यह उपलब्धि न केवल चंडीगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सेक्टर-49 थाना पुलिस ने नशा तस्कर दबोचा, हेरोइन और मेथाक्वालोन बरामद




अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। शहर में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर-49 थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6.56 ग्राम मिश्रित हेरोइन और मेथाक्वालोन बरामद किया है।पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निदेशों, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा डीएसपी साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी इंस्पेक्टर शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेक्टर 52 कजेहरी निवासी अर्जुन कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 8:45 बजे पुलिस टीम अपराध रोकथाम ड्यूटी के तहत गश्त पर थी। जब टीम सेक्टर-50 के जंगल एरिया स्थित ट्यूबवेल के पास पहुंची, तो सामने से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर अचानक मुड़ गया और तेज कदमों से वापस जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी ने अपनी जेब से एक सफेद पॉलीथिन फेंकने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। जांच में उसमें 6.56 ग्राम हेरोइन और मेथाक्वालोन (मिक्स) बरामद हुआ। आरोपी इसके संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। इस संबंध में थाना सेक्टर-49 में एफआईआर नंबर 25 दिनांक 10.04.2026 के तहत धारा 21 और 22 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। बरामद नशीला पदार्थ पुलिस ने जब्त कर मालखाने में जमा करा दिया है। फिलहाल मामले की आगे जांच जारी है।

# मलोया पुलिस की सख्ती: एक चोर गिरफ्तार, दूसरे से पिस्टल और कारतूस बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। यूटी पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मलोया पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक ओर घर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी ओर नाका चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित काबू किया है।

यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कन्वरदीप कौर के निदेशों, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। थाना मलोया के एसएचओ इंस्पेक्टर जसबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों मामलों में सफलता हासिल की।



## घर में सेंध लगाकर गहने उड़ाने वाला युवक गिरफ्तार

पहला मामला थाना मलोया में दर्ज एफआईआर नंबर 55, दिनांक 10 अप्रैल 2026 का है। शिकायतकर्ता ऋतिका, निवासी ईडब्ल्यूएस दादू माजरा, ने पुलिस को बताया कि 9 अप्रैल की रात वह अपने परिवार के साथ पड़ोस में आयोजित जन्मदिन समारोह में गई थीं। घर से निकलते समय उन्होंने मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद किया था। करीब रात 9 :10 बजे जब वह वापस लौटीं तो मुख्य दरवाजा खुला मिला और कमरे में रखी लोहे की अलमारी भी खुली हुई थी। जांच करने पर घर से 2 सोने की अंगूठियां, 1 सोने की चेन, 2 चांदी की चेन, 2 बिछुए, 4 जोड़ी पायल, 4 चांदी के कड़े और 1 कलाई घड़ी गायब मिली। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की और डड्डूमाजरा निवासी आरोपी रोहित उर्फ कॉफी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।पकड़े गए आरोपी से 2 जोड़ी चांदी की पायल, 4 चांदी के कड़े (बच्चों के) ,2 जोड़ी बिछुए आदि बरामद।

## नाका चेकिंग में वश 700 से पिस्टल बरामद

दूसरा मामला एफआईआर नंबर 56, दिनांक 11 अप्रैल 2026 का है। पुलिस टीम जामपुर बैरियर पर नाका ड्यूटी कर रही थी। इसी दौरान एक महिंद्रा वश 700 (PB08FF9492) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान चालक सीट के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल बरामद हुई।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच की तो वाहन चालक की पहचान जालंधर निवासी नवीन उर्फ विशाल के रूप में हुई। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया।आरोपी से एक .32 बोर पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किया।

चंडीगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में चोरी, नशा तस्करी, अवैध हथियारों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्मृति तिवारी ने BCA फाइनल में किया टॉप, तिवारी परिवार में खुशी की लहर




चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। तिवारी परिवार के लिए शनिवार का दिन गर्व और खुशी लेकर आया, जब भाजपा के प्रदेश सचिव शशि शंकर तिवारी एवं अनीता तिवारी की सुपुत्री स्मृति तिवारी ने पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-46, चंडीगढ़ में आयोजित 41वें प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन फंक्शन में इउअ (फाइनल) में पूरे कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्मृति तिवारी की यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि यह सम्मान पंजाब यूनिवर्सिटी के अंतर्गत प्राप्त हुआ है। इसे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रतिभा का परिणाम बताया जा रहा है। इस सफलता पर परिवार शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। सभी ने स्मृति तिवारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा नेता शशि शंकर तिवारी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि स्मृति आगे भी इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगी।

# चंडीगढ़ के विकास नगर में व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। विकास नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक दुखद घटना सामने आई विकास नगर मकान नंबर 2206 जहां 56 वर्षीय गंगा राम ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार करीब 3 बजे की है। परिजनों और आसपास के लोगों ने मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-16 अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

Uturn Time 13 Apr 2026_Layout 2 12-04-2026 23:34 Page 9



# जगरांव के सनमती स्कूल के मोक्ष कपूर ने पंजाब की मेरिट सूची में बनाई जगह

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/अप्रैल। सनमती विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगरांव हमेशा से अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के कारण क्षेत्र की अग्रणी संस्था रही है। इसी परंपरा को कायम रखते हुए स्कूल के विद्यार्थियों ने आठवीं कक्षा के नतीजों में शानदार प्रदर्शन किया है।

**शानदार उपलब्धि और मेरिट...** प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि स्कूल के अत्यंत होनहार छात्र मोक्ष कपूर ने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (ढरएइ) द्वारा घोषित आठवीं कक्षा के परिणामों में पंजाब की मेरिट सूची में 12वां स्थान और जिले में छठा स्थान हासिल किया है। मोक्ष ने 98% अंक प्राप्त कर




जगरांव में दूसरा और स्कूल में प्रथम स्थान पाकर अपने माता-पिता, शहर और स्कूल का नाम रोशन किया है।

**स्कूल के अन्य होनहार सितारे...**मोक्ष के अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन अंक प्राप्त किए:

- नवनीत कौर उप्पल: 95.5% अंक (स्कूल में दूसरा स्थान)
- गुरनिवाज कौर: 93.67% अंक (स्कूल में तीसरा स्थान)
- आर्यन कुमार: 92.83% अंक
- वंशिका कक्कड़ और हरनूर कौर: 90.83% अंक (संयुक्त रूप से)
- दशमीत कौर: 90.33% अंक
- जसप्रीत कौर: 90.17% अंक
- दृष्टि चौहान: 90% अंक

**शत-प्रतिशत रहा परिणाम**

स्कूल का कुल परिणाम 100% रहा। विशेष बात यह रही कि 32 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रिंसिपल मैडम ने इस शानदार सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सभी को भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

**सम्मान समारोह...**इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रमेश जैन, उपाध्यक्ष कांता सिंगला, सचिव महावीर जैन और प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया। मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफियां दी गईं और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर जतिंदर कौर, मोनिका ढंडा, मैडम पलक, महक जगोता सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# तीन सहेलियों की 50 साल पुरानी दोस्ती का जश्न, डांस और मस्ती के साथ मनाई यादगार वर्षगांठ



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। तीन महिलाओं ने अपनी दोस्ती की 50वीं वर्षगांठ बड़े ही खास और यादगार अंदाज में मनाई। इस सुनहरे मौके पर उन्होंने अपने पुराने दोस्तों के साथ मिलकर जमकर डांस किया और मस्ती भरे पलों का आनंद लिया। हंसी-खुशी और यादों से भरे इस जश्न ने सभी को पुराने दिनों की याद दिला दी, जहां दोस्ती की गहराई और साथ बिताए गए खूबसूरत पलों की झलक साफ नजर आई। यह समारोह न सिर्फ उनकी मजबूत दोस्ती का प्रतीक बना, बल्कि यह भी दिखाया कि सच्ची दोस्ती वक्त के साथ और भी गहरी होती जाती है। इस अवसर पर राजिंदर कौर ने कहा कि 50 साल की दोस्ती अपने आप में एक मिसाल है। आज के दौर में जहां रिश्ते जल्दी बदल जाते हैं, वहां इतनी लंबी और सच्ची दोस्ती हम सभी के लिए प्रेरणा है। यह जश्न सिर्फ एक सालगिरह नहीं, बल्कि विश्वास, प्यार और साथ निभाने की खूबसूरत कहानी है।

# वाल्मीकि समाज के युवाओं ने रचा इतिहास, निकली संविधान बस यात्रा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। संविधान जागरूकता, सामाजिक एकता और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को वाल्मीकि समाज के युवाओं ने एक नई मिसाल पेश की। घर-घर संविधान मुहिम के तहत भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा आयोजक कमेटी ट्रॉय सिटी द्वारा भव्य संविधान बस यात्रा निकाली गई, जो चंडीगढ़ से बाबा साहेब के राष्ट्रीय स्मारक के दर्शन के लिए रवाना हुई। इस ऐतिहासिक यात्रा में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूआत करवाई। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय टंडन भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा है और इसके मूल्यों को हर घर तक पहुंचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

**समाज को जागरूक करने की पहल...**आयोजकों ने बताया कि इस यात्रा का



उद्देश्य लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करना, बाबा साहेब के संघर्षों और विचारों से नई पीढ़ी को जोड़ना तथा समाज में भाईचारे और समानता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र और सर्वसमाज के प्रेरणास्रोत हैं।

**बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल...**कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक समदर्शी वेद जोसफ, विकास चंडालिया, काली आदिवाल, कमल सिद्धू, ओमपाल चावर, जसबीर टांक, ओमप्रकाश सैनी, राजेश कालिया, कृष्ण चड्ढा, ज्योति पुहाल और सुरेश बेनीवाल ने की। महिला प्रतिनिधियों में ज्योति हंस, रानी, सोनिया अटवाल, ललिता पारचा और चंदा ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं भावाधस से शिवकुमार बिड़ला और मुकेश सिरसवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**एकता और शिक्षा पर जोर...**यात्रा के दौरान वक्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना, समानता, शिक्षा, सामाजिक न्याय और भाईचारे के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता, शिक्षा और एकजुटता से ही देश मजबूत बन सकता है। आयोजकर्ता समदर्शी वेद जोसफ, चेयरमैन विकास चंडालिया और काली आदिवाल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि युवाओं को संविधान, लोकतंत्र और बाबा साहेब के संघर्षों से प्रेरणा मिलती रहे।

# क्रिकेटर अर्शदीप और मॉडल समरीन का वीडियो तेजी से हो रहा वायरल, चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर बात करते दिखे

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। इंडियन क्रिकेट टीम के गेंदबाज अर्शदीप सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक लड़की के साथ दिख रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वह लड़की मॉडल, बॉलीवुड व पंजाबी फिल्मों की एक्ट्रेस समरीन कौर हैं। अर्शदीप उनके साथ बात करते हुए चंडीगढ़ एयरपोर्ट के अंदर चले गए। इस घटना को एयरपोर्ट पर मौजूद कई फैंस ने चुपके से अपने कैमरों में कैद किया है। लोग इस वीडियो पर कई तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- लो, पकड़ा गया शेर। कई दिनों से ऐसी चचाएं भी चल रही हैं कि अर्शदीप और समरीन एक-दूसरे को डेट रहे हैं। उन्हें कई मौकों पर साथ देखा गया है। दोनों ने एक जैसे फोटो भी अपने-अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर शेयर किए हैं। हालांकि, अर्शदीप सिंह और समरीन कौर इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। दोनों सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, लेकिन उनमें से किसी ने भी अब तक न तो इन चचाओं की पुष्टि की है, और न ही इन्हें केवल अफवाह बताया है।



# दिनदहाड़े क्लिनिक में युवती से रेप की कोशिश, युवक ने पुलिस से भी हाथापाई

पंजाब/यूटर्न/12 अप्रैल। पठानकोट के सुजानपुर में रविवार को दिनदहाड़े एक युवक नशे की हालत में क्लिनिक में घुस गया और वहां काम करने वाले युवती के साथ बदसलूकी की। युवक ने अंदर जाते ही युवती से कहा- मेरी आंखों में देख, कुछ नजर आ रहा क्या। इस पर जब युवती ने मना किया तो उसने उसे टेबल पर पटक दिया। युवती ने कहा कि इस दौरान उसे मारपीट की और चेहरे पर काट दिया। इसी बीच वहां पर डॉक्टर आया और उन्होंने बीच बचाव किया इससे उसने डॉक्टर को भी



धक्का मार दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। उसने बाहर निकले ही एक स्कूल बस पर शीशा तोड़ दिया। इसके ठीक 10 मिनट के बाद आरोपी दोबारा से क्लिनिक में पहुंचा और उसके साथ रेप करने की कोशिश की। इसके बाद वह बाल पकड़कर खींचते हुए बाहर निकाल लगाया। फिर सड़क पर जमकर हंगामा किया। इसी बीच डॉक्टर ने पुलिस को बुला दिया। जिसके बाद पुलिस ने भी बीच बचाव किया, तो आरोपी ने पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई कर दी और मौके से भाग गया। हालांकि पुलिस ने उसे एक घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। वहीं युवती के शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**क्लीनिक में आते ही अजीब व्यवहार किया...**पीड़िता ने बताया कि दोपहर के समय एक युवक नशे की हालत में क्लीनिक में आया। अंदर आते ही उसने अजीब व्यवहार करना शुरू कर दिया और कहा कि वह उसकी आंखों में देखे। लड़की ने उसकी बातों को नजरअंदाज किया और दूरी बनाए रखी। क्लीनिक में मौजूद डॉक्टर ने भी स्थिति को समझते हुए युवक को समझाकर वहां से बाहर भेज दिया।

Uturn Time 13 Apr 2026_Layout 2 12-04-2026 23:34 Page 10



# नोबल फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के राज्यपाल से भेंट कर वार्षिक समारोह हेतु दिया आमंत्रण



चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। शिक्षा के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु समर्पित संस्था 'नोबल फाउंडेशन' विगत कई वर्षों से पंजाब में हजारों आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क विद्यालयों का संचालन कर रही है। संस्था का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है, ताकि कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में दम न तोड़ दे। इसी क्रम में संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले वार्षिक समारोह हेतु पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया को सादर आमंत्रित करने के लिए नोबल फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल कल, दिनांक 11 अप्रैल 2026 को चंडीगढ़ स्थित राजभवन पहुँचा।

राजभवन में भेंट के दौरान श्री प्रवीण चड्ढा, प्रबंध निदेशक, शिवा फॉरजिंग; श्रीमती मीनाक्षी जैन, कवयित्री, जैन एजुकेशन ट्यूटर, मेडिटेशन इंस्ट्रक्टर एवं महासचिव, नोबल फाउंडेशन; श्रीमती मंजू ओसवाल, उद्योगपति एवं चेयरपर्सन, जीतो चैप्टर; श्रीमती अकेता ओसवाल, उद्योगपति; श्री राकेश जैन, अध्यक्ष, श्री आत्मा नंद जैन सभा; एवं श्री राजिंदर शर्मा, अध्यक्ष, नोबल फाउंडेशन उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री प्रवीण चड्ढा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महामहिम राज्यपाल का सम्मान किया। प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल को संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। संस्था के प्रयासों, समर्पण और जमीनी स्तर पर हो रहे सकारात्मक बदलावों से अवगत होकर महामहिम राज्यपाल अत्यंत प्रसन्न एवं प्रभावित हुए। श्री गुलाब चंद कटारिया ने नोबल फाउंडेशन के सेवा-कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था समाज निर्माण का अत्यंत पुनीत कार्य कर रही है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बड़े ऐलान, युवराज ऋषिराज सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त






चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का 11 और 12 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को संपन्न हो गया। अधिवेशन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और कई अहम घोषणाएं कीं।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मथुरा से तीन बार सांसद रहे डॉ. राजा मानवेन्द्र सिंह ने युवराज ऋषिराज सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। वहीं टिक्का शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ को यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्रीमती इंदु तोमर को महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा बनाया गया।

इस अवसर पर विजय सिंह सोनगरा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), गजेंद्र सिंह राणा (चंडीगढ़ अध्यक्ष), यशपाल राणा (हरियाणा अध्यक्ष), कामनेश धलारिया (चंडीगढ़ सचिव), अमन राम (चंडीगढ़ उपाध्यक्ष), उमेश सिंह राणा (पंजाब युवा अध्यक्ष), साहिल सिंह राठौड़ (पंजाब युवा उपाध्यक्ष) सहित देशभर से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन में 24 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## अधिवेशन में उठे ये प्रमुख मुद्दे

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजा मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि अधिवेशन में कई सामाजिक, शैक्षणिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रमुख मांगों में जातिगत आरक्षण समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना, एट्रोसिटी एक्ट में पुनर्विचार, महाराणा प्रताप जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश, गरीब छात्रों की शिक्षा सहायता, UGC कानून में संशोधन, क्षत्रिय इतिहास को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना और समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे मुद्दे शामिल रहे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से क्षत्रिय समाज के किसी भी सदस्य को भारत रत्न नहीं मिला है, इसलिए समाज के योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया जाना चाहिए। इस संबंध में केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## युवाओं और विरासत संरक्षण पर जोर

नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष युवराज ऋषिराज सिंह ने कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है, जिस पर देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता, राष्ट्र सेवा, संस्कृति संरक्षण और विरासत किलों, महलों व धरोहरों के जीर्णोद्धार के लिए भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने दहेज प्रथा, शराब और मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाने तथा सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देने की भी बात कही।

## महिला विंग ने भी रखे विचार

महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदु तोमर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, नई सदस्यता अभियान, परिवारों में बढ़ते विवाद और तलाक जैसी समस्याओं पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

# चंडीगढ़ में बड़ा ज्वेलरी घोटाला! मुस्कान ज्वेलर्स पर 500 से ज्यादा लोगों से ठगी के आरोप, दुकान पर पुलिस का ताला



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। चंडीगढ़ के मनीमाजरा स्थित मौली पिंड में सामने आए कथित ज्वेलरी घोटाले ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। मुस्कान ज्वेलर्स पर 500 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद पीड़ितों में भारी आक्रोश है और वे लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई से सोना-चांदी और ज्वेलरी इस दुकान पर जमा करवाई थी, लेकिन समय आने पर उन्हें उनका सामान नहीं मिला। जैसे-जैसे शिकायतें सामने आई, वैसे-वैसे पीड़ितों की संख्या बढ़ती गई और मामला बड़े घोटाले के रूप में उभरकर सामने आया। पीड़ित सूर्या ठाकुर समेत अन्य शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को मुस्कान ज्वेलर्स की दुकान पर ताला लगा दिया। दुकान पर पुलिस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचते रहे। मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और उसे जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उधर, पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने वर्षो की बचत और मेहनत से ज्वेलरी बनवाई थी। अब वे लगातार प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द उन्हें इंसाफ मिलेगा। यह मामला अब पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन की अगली कार्रवाई पर नजरें टिकाए हुए हैं।

# चिट्टे का इंजेक्शन लगाने पर युवक की मौत, इंजेक्शन बाजू में ही फँसा रह गया

सोनू टुटेजा



बठिंडा/यूटर्न/12 अप्रैल। सुबह गणेशा बस्ती मेन रोड पर एक युवक की लाश सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलते ही समाजसेवी संस्था नौजवान वेलफेयर सोसाइटी बठिंडा के वालंटियर सुमित माहेश्वरी, आकाश गर्ग एंबुलेंस सहित तुरंत मौके पर पहुंचे। मृतक युवक जिसकी आयु 18 साल के करीब प्रतीत होती थी की दाई बाजू में इंजेक्शन लगा हुआ था, जिससे स्पष्ट हो रहा था कि युवक की मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई है। मृतक युवक की फिलहाल कोई पहचान नहीं हो पाई ।संस्था द्वारा शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पंजाब में 8वीं की टॉपर्स से मिले सीएम मान, पेरेंट्स सहित आवास पर बुलाया, छात्राओं को किया सम्मानित

पंजाब/यूटर्न/12 अप्रैल। पंजाब में 8वीं कक्षा में टॉप करने वाली तीनों छात्राओं से सीएम भगवंत मान ने मुलाकात की है। तीन छात्राओं को उनके परिजनों सहित सीएम रिहायश पर बतौर मेहमान बुलाया गया था। इस मौके पर सीएम की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। सीएम ने छात्राओं के साथ बातचीत की और उनके अनुभवों को जाना। फिर उन्हें सम्मानित किया गया। यह अपने आप में एक नई पहल है। सीएम पंजाब का वैसे आज बठिंडा और पठानकोट का दौरा था, लेकिन उससे पहले सीएम ऑफिस की तरफ से इन बच्चों को बुलाया गया था।पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह से लेकर शिक्षा विभाग की सचिव सोनाली गिरी व अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान सीएम ने हर बच्चे से उनके तजुर्बे जाने। उनके पैरेंट्स को बधाई दी। सीएम ने स्टूडेंट्स को नसीहत दी कि वे पूरी मेहनत से अपनी पढ़ाई जारी रखें।



## सरकार बच्चों के सपनों को उड़ान देने के लिए प्रतिबद्ध

सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इस बारे लिखा कि – आज चंडीगढ़ में पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की 8वीं कक्षा के नतीजों में पूरे राज्य में अव्वल रहने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस खास मौके पर उनके माता–पिता और शिक्षकों को भी दिल से बधाई दी। इस बार के परिणामों में पहला स्थान एक भट्ठे पर काम करने वाले मुनीम की होनहार बेटी ने हासिल किया है, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर टाइल्स की दुकान चलाने वाले और एक सरकारी प्राइमरी स्कूल के शिक्षक की बेटियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। ये परिणाम साफ दर्शाते हैं कि आम और साधारण परिवारों के बच्चे अब शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इन बच्चों का आत्मविश्वास, मेहनत और लगन देखकर बेहद खुशी और गर्व महसूस हुआ।

# जलालाबाद में 59.49 करोड़ से बनेंगी 220 किमी की सड़कें, लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट



पंजाब/यूटर्न/12 अप्रैल। जलालाबाद में गांवों और ढाणियों को जोड़ने वाली लगभग 220 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों पर करीब 59 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक गोल्डी कंबोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ये सड़कें अगले दो से तीन महीनों के भीतर बनकर तैयार हो जाएंगी। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने और उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी भी दी। विधायक कंबोज ने बताया कि जलालाबाद हल्के में 220 किमी लंबी सड़कें बनाई जानी हैं। इनमें प्रत्येक ढाणी, गांव और कस्बे की सड़कें शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जलालाबाद हल्के का कोई गांव या ढाणी सड़क से अछूता नहीं रहेगा। इन सड़कों की चौड़ाई 10 फुट होगी, चाहे उनकी लंबाई 2 किमी हो या 10 किलोमीटर। परियोजना पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और काम शुरू हो चुका है। विधायक ने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य में लापरवाही पाई गई तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। बार–बार शिकायतें मिलने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सड़कों का निर्माण समय पर पूरा किया जाना चाहिए।

# नवजोत सिद्धू ने बढ़ाई सरगर्मियां, कांग्रेस से दूरी और पत्नी का दूसरी पार्टी में प्रवेश, बढ़ती सक्रियता दे रही बड़ा संकेत

अमृतसर/यूटर्न/12 अप्रैल। क्या पंजाब की सियासत में एक बार फिर ठोको ताली गूंजने वाली है? क्या पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के पूर्व पंजाब अध्यक्ष नवजोत सिद्धू 2027 के चुनावों के लिए अपनी नई पिच तैयार कर रहे हैं? ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि सोशल मीडिया पर सिद्धू की बढ़ती सक्रियता कुछ बड़े संकेत दे रही है। हाल ही में सिद्धू की पत्नी, डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने दिल्ली की 9 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी का दामन थाम कर सबको चौंका दिया था। लेकिन अब सबकी निगाहें नवजोत सिंह सिद्धू पर हैं। पिछले कुछ दिनों से सिद्धू सोशल मीडिया पर लगातार ऐसे वीडियो साझा कर रहे हैं, जिनमें वे आम जनता के बीच नजर आ रहे हैं।



## चाय की चुस्कियों से सियासी संदेश की अटकलें तेज

सिद्धू ने रविवार को ही अमृतसर के मशहूर ज्ञानी टी स्टॉल का एक वीडियो दोबारा साझा किया है। इस वीडियो में वे न केवल अपने दोस्तों के साथ चाय की चुस्कियां लेते दिख रहे हैं, बल्कि वहां मौजूद आम लोगों और प्रशंसकों के साथ घुल–मिल रहे हैं और तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। लोगों का मानना है कि यह महज एक इत्तेफाक नहीं, बल्कि जनता की नब्ज टटोलने की एक कोशिश है।

**कांग्रेस से दूरी और राजनीतिक भविष्य पर सवाल...**गौरतलब है कि कुछ समय पहले चंडीगढ़ में डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने एक बड़ा बयान दिया था। उन्होंने दावा किया था कि सिद्धू फिलहाल किसी भी पार्टी में नहीं हैं। 2022 के बाद से कांग्रेस ने उन्हें किसी भी काम या मीटिंग के लिए नहीं बुलाया है।

**2027 चुनाव को लेकर नए सियासी समीकरणों की चर्चा...**कांग्रेस से इस दूरी और सोशल मीडिया पर बढ़ती इस नजदीकी ने सियासी गलियारों में चर्चा तेज कर दी है। क्या सिद्धू अपनी पत्नी के नक्शेकदम पर चलेंगे? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों में हमें सिद्धू का एक नया अवतार देखने को मिलेगा? सिद्धू की ये 'चाय पर चर्चा' उन्हें सियासत के किस मोड़ पर ले जाती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

# भारती बाल विद्या मंदिर स्कूल का 8वीं का रिजल्ट शानदार, साक्षी ने 93% अंक लेकर किया टॉप

लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। गांधी नगर स्थित भारती बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का आठवीं कक्षा का परिणाम बहुत बढ़िया रहा। भारती बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपनी पढ़ाई लिखाई की वजह से हमेशा ही इलाके में एक अग्रणी संस्था रही है। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल प्रियंका खुराना ने बताया कि हमारी संस्था के चेयरमैन स्वामी वेद भारती जी महाराज जी के आशीर्वाद से हमारे स्कूल के बहुत ही होनहार विद्यार्थी साक्षी ने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित आठवीं कक्षा के परिणाम में 93% अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हुनर ने 92% अंक लेकर दूसरा, 90% अंक लेकर सुखमणि ने तीसरा व 89% अंक लेकर तराना चौथा, 88% अंक लेकर तनु पांचवें स्थान पर रही। डायरेक्ट कृष्णा खुराना, डिप्टी डायरेक्टर राज शर्मा, साहिल खुराना ने बताया कि 55 विद्याथीयी में से 45 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए।



Kiara Advani



# ईरान, ट्रंप खिलाफ जंग जीत रहा, लेकिन यह सोच से परे, अमेरिका डरा हुआ

चंडीगढ़/यूटर्न/12 अप्रैल। अगर किसी देश पर आसमान से मिसाइलें और रॉकेट बरस रहे हों, तो आप क्या उम्मीद करेंगे कि वह कैसा दिखेगा? जमीन पर लाशें पड़ी होंगी, इमारतें मलबे में तब्दील हो चुकी होंगी, लोग दर्द और डर से चीख रहे होंगे, नेता हमेशा तनाव में दिख रहे होंगे, और बच्चे जहाँ भी जगह मिले छिप रहे होंगे। युद्धग्रस्त देश का आम नजारा, है ना? लेकिन ईरान को शायद यह बात समझ नहीं आई। क्योंकि जहाँ दुनिया अराजकता की कल्पना कर रही है, वहीं ईरान में कोई टॉप-क्लास मीम्स और ओलंपिक स्तर की ट्रोलिंग करने में व्यस्त है। लोग सड़कों पर उतर आए हैं, भाग नहीं रहे, बल्कि अपनी सरकार के समर्थन में रैलियों में शामिल हो रहे हैं। बच्चे युद्ध रोकने की भीख नहीं मांग रहे। वे गुलाबी मिसाइल की मांग कर रहे हैं, क्योंकि जाहिर है, युद्ध में भी कलात्मकता की जरूरत होती है। और कलाकार प्रदर्शन कर रहे हैं, ट्रंप की हमले की धमकियों का रचनात्मक तरीके से जवाब दे रहे हैं, मानो यह एक सांस्कृतिक करारा जवाब हो।



## ईरान ने शुरू किया युद्ध

स्पष्ट रूप से, ईरान ने समानांतर रूप से एक और युद्ध शुरू कर दिया है : दुष्प्रचार युद्ध। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात क्या है? लोग इस पर विश्वास कर रहे हैं।और यहाँ असली मोड़ आता है। ईरान में 28 फरवरी से इंटरनेट बंद है, ठीक उसी दिन से जब हमले शुरू हुए थे। जिसका मतलब है कि यह सारी सामग्री - जी हाँ, मीम्स, संदेश, माहौल - देश के अंदर रहने वालों के लिए नहीं है।

## ईरान बिखर नहीं रहा

ईरान संघर्ष नहीं कर रहा है। ईरान बिखर नहीं रहा है। ईरान खुद को पीड़ित नहीं दिखा रहा है। ईरान संकट को कंटेंट में बदल रहा है और बेशर्मी से, लगभग नाटकीय ढंग से, क्रूरता दिखा रहा है। फिर भी, तमाम दिखावे के पीछे, आंकड़े मजाक नहीं हैं। अमेरिका-इजराइल हमलों में 3,500 से अधिक लोग मारे गए हैं और मात्र छह सप्ताह के युद्ध में कई और घायल हुए हैं। दर्द वास्तविक है, लेकिन इसे बड़ी सावधानी से छुपाया जा रहा है, लगभग मिटाया जा रहा है, ताकि ईरान की एक ऐसी छवि पेश की जा सके जो निडर, बेपरवाह और अजेय दिखे।

## मिसाइलों जितने शक्तिशाली मीम्स

अमेरिका और इजराइल द्वारा बमबारी शुरू करने के बाद से, ईरानी दूतावास पूरी तरह से मीम बनाने की फैक्ट्रियों में बदल गए हैं, और अपने सोशल मीडिया फीड को तीखे व्यंग्य से भर रहे हैं। सरकार समर्थक अकाउंट्स एआई द्वारा निर्मित लेगो-शैली के एनिमेशन पोस्ट कर रहे हैं, जिनमें एपस्टीन फाइलों को ट्रंप के युद्ध से जोड़ा जा रहा है। क्या ये सूक्ष्म है? बिलकुल भी नहीं। और फिर मोहम्मद-बघर गालिबफ हैं, जो ईरान के शीर्ष युद्धकालीन नेताओं में से एक थे, और अब अमेरिकी प्रशासन पर तंज कस रहे हैं, जिसके राष्ट्रपति कभी दुनिया के सबसे मशहूर ट्विटर उपयोगकर्ता थे। विडंबना अपने आप में स्पष्ट है।

## ट्रंप ने ऊर्जा स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी

जब ट्रंप ने ऊर्जा स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी, तो ईरानी शासन ने लोगों से मानव श्रृंखला बनाने का आह्वान किया। और लोग सामने आए। बिजली संयंत्र, पुल और अन्य संभावित लक्ष्य अचानक नागरिकों से घिर गए, जो उनकी सुरक्षा के लिए पहरा दे रहे थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने दावा किया कि अमेरिका या इजराइल के जमीनी आक्रमण की स्थिति में लड़ने के लिए 1.4 करोड़ (14 मिलियन) ईरानियों ने स्वेच्छा से अपनी सेवाएँ देने की पेशकश की है, जो पिछली बार के आँकड़ों से लगभग दोगुनी संख्या है। उन्होंने लिखा, मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने को तैयार रहा हूँ और हमेशा तैयार रहूँगा।

## ईरान की ऑनलाइन सेना जीत कर रही पेश

भले ही शासन कमजोर पड़ गया है, लेकिन फिर भी कायम है, ईरान की ऑनलाइन सेना युद्धविराम को जीत के रूप में पेश करने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही है। हमले शुरू होते ही, इस नेटवर्क ने हड़बड़ी नहीं की, बल्कि हमला बोल दिया। वायरल सामग्री, तीखे संदेश और ट्रंप प्रशासन की कमजोरियों पर सटीक प्रहार। जेफरी एपस्टीन घोटाला बार-बार सामने आता है, जिसमें दावा किया जाता है कि ट्रंप ने अपने पुराने संबंधों से ध्यान हटाने के लिए युद्ध शुरू किया था। अन्य पोस्ट में सुझाव दिया गया है कि उन्हें इजराइल ने बहकाया है या वे अराजकता से लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। और फिर है लोगों का पसंदीदा, ₹टैकोर₹, जिसका मतलब है ₹ट्रंप हमेशा डरपोक होते हैं₹।

# बारिश से गेहूं की फसल बर्बाद, तेज आंधी चलने से पहुंचा नुकसान, किसानों की बढ़ी परेशानी

पठानकोट/यूटर्न/12 अप्रैल। पठानकोट और सीमावर्ती इलाकों में बीती रात किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शनिवार रात करीब 8 बजे आई तेज आंधी और उसके बाद हुई बारिश ने जहां जनता को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह 'आफत की बारिश' बनकर बरसी है। बेमौसमी बारिश से खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की कटाई पिछड़ गई है, जिससे किसान बेहद चिंतित हैं। वहीं, मौसम विभाग ने 24 घंटों के दौरान आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। बीती रात हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई इलाकों में पकी हुई



गेहूं की फसल खेतों में ही बिछ गई है। किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह पक चुकी थी और अगले एक-दो दिनों में कटाई का काम जोरों पर शुरू होने वाला था। लेकिन बारिश और आंधी ने न केवल फसल को गिरा दिया है, बल्कि दानों के काले पड़ने और उनमें नमी आने का खतरा भी पैदा कर दिया है।

## कंबाइन ऑपरेटरों की बढ़ी मुश्किल

बारिश के चलते खेतों में काफी गीलापन और कीचड़ हो गया है, जिसके कारण कटाई के लिए आने वाली कंबाइन मशीनें अब खेतों में नहीं जा पा रही हैं। किसानों का मानना है कि अब खेतों को सूखने में कम से कम 3 से 4 दिन का समय लगेगा, जिससे कटाई का सीजन काफी पिछड़ जाएगा। अगर आने वाले दिनों में फिर से बारिश होती है, तो नुकसान का ग्राफ और बढ़ सकता है।

## पकी-पकाई फसल पर फिरा पानी

पठानकोट के किसान हरदेव सिंह और अवतार सिंह ने बताया कि उन्होंने खून-पसीना एक करके फसल तैयार की थी। अब जब फल मिलने का समय आया, तो कुदरत ने कहर बरपा दिया। नमी बढ़ने के कारण मंडियों में फसल की खरीद में भी समस्या आ सकती है, क्योंकि सरकारी मापदंडों के अनुसार एक निश्चित नमी (Moisture) पर ही फसल खरीदी जाती है।

# सुखीः एक आवाज का अंत, उसकी गूंज का नहींः आशा भोसले (1933 से 2026)



संदीप शर्मा, सम्पादक

यह आवाज सिर्फ़ गाती ही नहीं थी, यह जीती थी, नखरे करती थी, छेड़ती थी, रोती थी और पीढ़ियों तक थिरकती रही। 92 साल की उम्र में आशा भोसले के गुजरने के साथ ही, भारतीय संगीत का एक युग धीरे से यादों में सिमट गया, पीछे छोड़ गया एक ऐसी गूंज जो कभी फीकी नहीं पड़ेगी। आठ दशकों से भी ज्यादा समय तक, वह सिर्फ़ एक गायिका नहीं, बल्कि एक अजूबा थीं। बेचैन, प्रयोगधर्मी और शानदार ढंग से बेकाबू। जहाँ दूसरे अपनी खास शैलियों में सुकून पाते थे, वहीं भोसले को खुद को नए सिरे से गढ़ने में खुशी मिलती थी। 'पिया तू अब तो आजा' के मादक आकर्षण से लेकर 'दम मारो दम' के चंचल नशे तक; 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' की कसक भरी कोमलता से लेकर 'इन आँखों की मस्ती' की रेशमी नजाकत तक उनकी आवाज पानी की तरह ढल जाती थी, जिस भी भावना को छूती, उसी का रूप ले लेती।

उनके बारे में बात करना, असल में भारतीय सिनेमा की भावनात्मक भाषा के बारे में बात करना है। अपनी बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर, उन्होंने उस आवाज को परिभाषित करने में मदद की, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ 'बॉलीवुड की आवाज' के तौर पर पहचानेंगी। फिर भी, अगर लता अक्सर आत्मा की शांति थीं, तो आशा उसकी बेचैन धड़कन थीं। बेबाक, चंचल और पूरी तरह से जीवंत; जैसा कि 'ये है रेशमी जुल्फों का अंधेरा' के सुरीले जादू और 'आओ हुजूर तुमको' की जोशीली लय में सुनाई देता है।

उनके सहयोग भारत की सीमाओं से भी कहीं आगे तक पहुँचे। जिनमें बॉय जॉर्ज के साथ किया गया काम सबसे यादगार है, जो यह दर्शाता है कि संगीत के बदलते परिवेश के बावजूद, वह हमेशा प्रासंगिक बनी रहीं। उन्हें जो वैश्विक पहचान मिली। जिसमें ग्रैमी नामांकन भी शामिल हैं। उसने बस उसी बात की पुष्टि की, जो सुनने वाले पहले से जानते थेः उनकी कला एक सार्वभौमिक भाषा बोलती थी।

उन्हें भारत का सर्वोच्च कलात्मक सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार, और पद्म विभूषण समेत कई सम्मान मिले। लेकिन उनकी सांस्कृतिक छाप के सामने ये पुरस्कार लगभग गौण ही लगते हैं। पुरस्कार महानता को स्वीकार करते हैं; आशा भोसले ने महानता को परिभाषित किया।

अपने अंतिम दिनों में भी, जब नरेंद्र मोदी, शाहरुख खान और हेमा मालिनी जैसी हस्तियों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही थी, तब सभी की भावना एक ही थीः उनकी आवाज किसी एक दौर की नहीं, बल्कि स्वयं 'समय' की आवाज थी। उन कलाकारों के लिए एक अनोखी अमरता सुरक्षित होती है, जो अपने दर्शकों के भावनात्मक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन जाते हैं। आशा भोसले उन चुनिंदा कलाकारों में से एक हैं। उनके गाने सिर्फ़ सुने ही नहीं जाते थे। उन्हें जिया जाता था, उन पर भरोसा किया जाता था, और अकेलेपन हो या जश्न का मौका हर पल में लोग उन्हीं गानों की ओर लौटते थे।

शायद जो चीज सबसे ज्यादा समय तक कायम रहती है, वह सिर्फ़ उनके काम की विशालता नहीं, बल्कि उसके भीतर की भावना है। एक ऐसी बेबाकी जिसने उम्र, शैली या लोगों की उम्मीदों की सीमाओं में बंधने से साफ इनकार कर दिया। हर सुर में विद्रोह की एक झलक थी, ख़ुशी की एक चमक थी, और ज़िंदगी को उसकी तमाम उलझनों और जीवंतता के साथ पूरी तरह जीने की एक ज़िद थी। यही वह भावना है जो आने वाली पीढ़ियों में भी गूंजती रहेगी। बहुत लंबे समय तक, तब भी जब उनका आखिरी सुर भी कहीं खो चुका होगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372